# College of Agriculture

(SKN Agriculture University, Jobner)

**Kotputli, Dist.-Kotputli-Behror, Raj-303107**

Dr. M.K. Sharma
DEAN

Mob. No. 9602749904 (M)
Email- dean.coakotputli@sknau.ac.in


**No. F. /Farm/COA/KTP/2026/** 322 **Dated: 20.06.2026**

## खुली निविदा सूचना

कृषि महाविद्यालय पर हिस्सा आधारित खेती के लिए खरीफ 2026 व रबी 2026–27 के लिए दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक निविदाएं आंमत्रित की जाती है एवं निविदाएं उसी दिन अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, कोटपूतली कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्तो की जानकारी महाविद्यालय से पॉच सौ रु. जमा कराके प्राप्त की जा सकती है। **निविदा प्रपत्र के साथ 20000.00 रु. धरोहर राशि जमा करवानी होगी।** निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट www.sknau.ac.in एवं राज्य सरकार की वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कमेटी को होगा।

अधिष्ठाता
DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. श्रीमान् वित नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति को खोली जानी वाली दिनांक 29.06.2026 को अपना प्रतिनिधि भेजने का श्रम करावें।
2. श्रीमान् अध्यक्ष, निविदा समिति कृषि महाविद्यालय–कोटपूतली
3. श्रीमान् राजस्थान संवाद, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति को राज्य स्तरीय अंक में प्रकाशित कर बिल इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।
4. सीमका ईंचार्ज, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट व राज्य सरकार की वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर पर अपलोड करने का श्रम करावें।
5. सूचना पट्ट, कार्यालय
6. सूचना पट्ट, ग्राम पंचायत पाथरेडी / पावटा
7. आरक्षित प्रति

अधिष्ठाता
DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

| कृषि महाविद्यालय–कोटपूतली | |
|---|---|
| **निविदा सूचना क्रमांकः** क्रमांक / एफ / फार्म / के.टी.पी / 2026 / 323 दिनांक 20.06.2026 | |
| 1. योजना का नाम : | हिस्सा आधारित खेती |
| 2. बजट हेड | रिवोल्विंग फंड |
| 3. कार्य की अनुमानित अवधि | खरीफ 2026 व रबी 2026–27 |
| 4. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500 / –रुपये<br>रसीद नं.............<br>दिनांक............... |
| 5. अनुमानित राशि | 900000/- |
| 6. धरोहर राशि की प्रकृति व राशि | 20000 / –रुपये (Demand Draft)<br>( जो कि **Dean College of Agriculture, Kotputli** के नाम देय होगा)<br>रसीद नं.............<br>..दिनांक............... |

7. बिल का भुगतान कार्य पूरा होने के पश्चात् कोष कार्यालय जोबनेर के पास होने के बाद किया जावेगा।

8.निविदा सील बन्द लिफाफे में कर जमा की जावेगी, तथा **तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा** अलग–अलग लिफाफे में स्वीकार किया जायेगा।

9. अमानत राशि पर संस्था द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

**निविदा शर्तेः—**

| | |
|---|---|
| 1. | ट्रेक्टर सम्बन्धी कार्य तथा डिस्क प्लाऊ, हेरो, कल्टीवेटर द्वारा भूमि जुताई कार्य, सीड ड्रिल द्वारा बुवाई, फर्टीलाईजर ड्रिलिंग कार्य आदि की व्यवस्था केन्द्र द्वारा ही की जावेगी अर्थात इनसे सम्बन्धित डिजल खर्च में निविदादाता का कोई योगदान नहीं रहेगा। सीड ड्रिल व अन्य फार्म मशीनरी व औजार केन्द्र पर उपलब्ध नहीं होने पर निविदादाता को व्यवस्था करनी होगी। |
| 2. | बुवाई के दौरान एवं फसल वृद्धि के दौरान लगने वाले बीज, खाद एवं उर्वरक, खरपतवारनाशक, फंफूदनाशक, कीटनाशक, कल्चर आदि की आपूर्ति केन्द्र द्वारा ही की जायेगी व प्रति है. फार्म अधिकारी की सिफारिश के अलावा देय नहीं होगी। **केन्द्र पर स्थित ट्रेक्टर का वाहन चालक कार्य निविदादाता को करना होगा।** |
| 3. | बुवाई से लेकर फसल थ्रेसिंग, गोदाम तक तोलकर रखवाने एवं ग्रेडिंग की प्रक्रिया में लगने वाले श्रमिक व्यय निविदादाता को ही वहन करने होंगें। |
| 4. | निविदादाता को सिंचाई सम्बन्धी पाइप, फब्बारे, बेंड, टी, डाट आदि गिनकर लिखित रूप में प्राप्त करने होगें तथा कार्य समाप्त होने तक सारी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी एवं उतनी ही संख्या में गिनकर ही लौटाने होगें। नहीं लोटाने पर इनकी कीमत चुकानी पड़ेगी। |
| 5. | विभिन्न प्रकार की सस्य क्रियायें फार्म इन्चार्ज व अधिष्ठाता के निर्देशाानुसार करनी होंगी तथा सारा श्रमिक व्यय एवं लगने वाले औजारों की व्यवस्था निविदादाता को ही वहन करनी होगी। |
| 6. | निविदादाता को कोमर्शियल उत्पादन में ही जिन्स का हिस्सा दिया जाएगा। बीज उत्पादन में ठेकेदार के हिस्से के उत्पाद का भुगतान कृषि उपज मंडी के सात दिन के औसत भाव के अनुसार किया जायेगा। |
| 7. | फार्म पर कृषि कार्यो के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होनें, सांप काटने, बिजली से व अन्य किसी उपकरणों से या लापरवाही से दुर्घटना होने पर अधिष्ठाता व केन्द्र की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 8. | फार्म पर स्थित तारबंदी की मरम्मत का कार्य समय समय पर निविदादाता को ही करनी होगी। केन्द्र अलग से कोई भुगतान नहीं करेगा। |

DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

| | |
|---|---|
| 9. | फसल कटाई के मामलों में कटी हुई फसलों को कहां इक्कठा करना है व कितने ढ़ेर बनाने हैं इसके लिए फार्म इन्चार्ज व अधिष्ठाता से सम्पर्क करना होगा तथा प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों को देखते हुये फसल इक्कठा करने के लिये ट्रेक्टर ट्रोली की सुविधा केन्द्र द्वारा दी जा सकती है परन्तु यह शर्त केन्द्र के लिये बाध्य नहीं होगी। |
| 10. | निराई गुड़ाई, कटाई, थ्रेसिंग तथा अन्य सम्बन्धित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुये निविदादाता को समय पर पूर्ण करने होगें। |
| 11. | फसल की थ्रेसिंग के पश्चात साफ किये फसल उत्पादन को बोरियों में भरकर फार्म इन्चार्ज व अधिष्ठाता द्वारा बताये अनुसार तोलकर गोदाम में बोरियों की धांग निविदादाता को लगानी होगी। वजन तोलते समय नमीं एव कचरा का **2 प्रतिशत** काटा जावेगा। |
| 12. | थ्रेसिंग पश्चात बोरियों में भरते समय ध्यान रखें कि किसी भी बोरी का वजन **40 किलोग्राम** से अधिक नहीं हो। |
| 13. | थ्रेसिंग में लगे मशीनरी का खर्चा एवं डीजल खर्च स्वयं निविदादाता द्वारा वहन करना होगा तथा थ्रेसिंग कार्य कार्यालय समय में ही होगा। |
| 14. | पम्प व ट्यूब वैल मोटर ओपरेशन निविदादाता को ही करना होगा। ट्यूब वैल मोटर जलने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। ट्यूब वैल मोटर जलने पर निविदादाता को ही स्वयं के खर्चे पर सही करवानी होगी तथा ट्यूब वैल मोटर को बोरीग से निकालने का सभी तरह का व्यय भी निविदादाता को ही करना होगा। |
| 15. | ट्यूब वैल के विद्युत बिल का भुगतान केन्द्र फार्म द्वारा वहन किया जायेगा। अन्य साधन सें सिंचाई करने पर व्यवस्था स्वयं निविदादाता को करनी होगी। |
| 16. | फार्म कार्य संतोशजनक नहीं होने पर निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधिष्ठाता का निर्णय अंतिम होगा जो कि कॉन्ट्रेक्टर को मान्य होगा। |
| 17 | आवास की व्यवस्था निविदादाता को ही करनी होगी। कार्यालय द्वारा कोई सुविधा देय नहीं होगी। |
| 18. | जमा धरोहर राशि पर ब्याज देय नहीं होगा। |
| 19 | थ्रेसिंग कार्य में बताये अनुसार थ्रेसर लगाकर कार्य करवाना होगा एवं थ्रेसर निविदादाता को अपने खर्चे से थ्रेसिंग कार्य करवाना होगा। |
| 20. | फार्म की फसलों की रखवाली दिन–रात की निविदादाता द्वारा की जावेगी। केन्द्र जिम्मेदार नहीं होगा। |

DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

| | |
|---|---|
| 21.. | सफल निविदादाता को 100/— रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर समस्त शर्तों के तहत् कार्य करने व हिस्सेदार द्वारा लगाये गये श्रमिकों की पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी। ऐसा लिखकर दो गवाहों के हस्ताक्षर करवाकर प्रस्तुत करना होगा। |
| 22. | फार्म पर बुवाई क्षेत्र के आसपास खरपतवार व अन्य अंवाछित पौधे निकालने की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। पौधे नहीं निकालने पर लगने वाली मजदूरी का भुगतान निविदादाता से वसूला जावेगा। |
| 23. | निविदादाता को प्रत्येक पेज पर हस्ताक्षर करनें होगें। |
| 24. | प्रथम वरीयता प्राप्त पार्टी द्वारा कार्य नहीं संभालने पर ठेका निरस्त करके अगली वरीयता पार्टी को कार्य का आदेश अधिष्ठाता सकेगें। अनुबंध की अवधि आदेश की तारीख से एक साल तक के लिए मान्य होगी। |
| 25. | निविदादाता की कोई शर्त मान्य नहीं होगी तथा निविदादाता या उसके मजदूर केन्द्र फार्म पर मदिरा व अन्य नशा सामग्री का उपयोग नहीं करेंगें। |
| 26. | इच्छुक व्यक्ति या फर्म को आधार कार्ड / पैन कार्ड व बैंक के विवरण की स्वसत्यापित प्रति देनी होगी। |
| 27. | यदि अधिष्ठाता ठेकेदार के कार्यों से संतुष्ट है तो टेंडर को उसी दर पर अगले एक वर्ष के लिए सहमति से बढ़ाया जा सकता है। |

मुझे निविदा की समस्त शर्ते मंजूर है तथा मैं उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिये सहमत हूँ।

कॉन्ट्रेक्टर के हस्ताक्षर व पता दिनांक सहित

अधिष्ठाता

DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

# निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं / हम घोषणा करता हूँ / करते हैं, कि हमनें जिन कार्यालय में कार्य किया है विगत 3 वर्षों में किसी भी कारण से हमें किसी भी सरकारी विभाग उपक्रम /कम्पनी द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है। हम यह भी घोषणा करते है कि हमें किसी भी न्यायालय द्वारा सामान प्रदायगी में कोई वाद लम्बित नहीं है तथा इस विषयान्तर्गत हमें किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

DEAN
C.O.A., Kotputli
Distt-Kotputli-Behror

**College of Agriculture**
(SKN Agriculture University, Jobner)
**Kotputli, Dist.-Kotputli-Behror, Raj-303107**

**निविदादाता द्वारा हिस्सा प्रतिशत का विवरण**

**<u>वित्तीय निविदा</u>**

| खरीफ फसलें | विवरण | हिस्सेदारी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | दाना/बीज | कोन्ट्रेक्टर द्वारा रखा जाने वाला हिस्सा | |
| | उपज | कोन्ट्रेक्टर द्वारा महाविद्यालय को दिया जाने वाला हिस्सा | |
| रबी फसलें | दाना/बीज | कोन्ट्रेक्टर द्वारा रखा जाने वाला हिस्सा | |
| | उपज | कोन्ट्रेक्टर द्वारा महाविद्यालय को दिया जाने वाला हिस्सा | |

नोटः–**चारा उपज का सम्पूर्ण हिस्सा कोन्ट्रेक्टर द्वारा रखा जावेगा।**

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

DEAN
C.O.A. Kotputli
Distt-Kotputli-Behror